पीएम आईआईएम व आईआईटी के भवनों का उद्घाटन करेंगे

■ श्रेयसी मिश्रा

रांची। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झारखंड दौरे के दौरान भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची के नए परिसर का उद्घाटन करेंगे। साथ ही, आईआईटी/आईएसएम धनबाद के नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन भी प्रधानमंत्री के हाथों होना है। इस संबंध में पीएमओ की ओर से इन दोनों संस्थानों से संपर्क किया गया है।

प्रधानमंत्री 15 नवंबर को झारखंड आ रहे हैं। वह भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू जाएंगे। यहां से प्रधानमंत्री विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत करेंगे। यहीं से प्रधानमंत्री ऑनलाइन मोड में आईआईएम रांची व आईआईटी/ आईएसएम धनबाद के नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन करेंगे। साथ ही भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (ट्रिपल आईटी), रांची के कांके स्थित सांगा में बन रहे नए कैंपस का भी ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे।

■ पीएम मोदी 15 नवंबर को झारखंड आ रहे हैं

आईआईएम, रांची का नया परिसर नया सराय प्रबंधन नगर, धुर्वा में बनकर तैयार है। इसका कैंपस लगभग 60 एकड़ में फैला है। इसमें क्लासरूम, निदेशक कार्यालय, प्रशासनिक भवन, फैकल्टी व स्टाफ क्वार्टर, लाइब्रेरी, कंप्यूटर सेंटर, छात्रावास व सभागार की व्यवस्था है। लगभग 300 करोड़ रुपये की लागत से फर्स्ट फेज का काम पूरा हो चुका है।

वर्ष 2009 में स्थापित आईआईएम रांची के सूचना भवन में अस्थायी परिसर में शुरू हुआ था और वर्ष 2021 में अपने नया सराय स्थित स्थायी कैंपस में स्थानांतरित हुआ। पीएम सांगा में बन रहे ट्रिपल आईटी के स्थायी परिसर का भी शिलान्यास करेंगे। लगभग 128 करोड़ रुपये की लागत से ट्रिपल आईटी का स्थायी परिसर बन रहा है।

Hindustan, 08.11.2023, P.1